
# सड़कों पर आवारा पशुओं का बसेरा

**खास बातें**

- आवारा मवेशी बन रहे नगर में मुसीबत
- शहर के लोग हो रहे परेशान



**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा 19 अगस्त,** नगर पालिका परिषद द्वारा निर्णय लिया गया था कि शहर की सड़कों पर आवारा मवेशी लोगों के लिए मुसीबत का कारण बनी हुई है.इन्हें बाहर भेजा जाएगा.परंतु ऐसा नहीं हुआ औपचारिकता के लिए एक-दो दिन मवेशी को पकड़ा और शहर के बाहर छोड़ दिया वह फिर शहर के अंदर प्रवेश कर गई और गली चौक चौराहे की सड़कों पर विचरण करती रहती हैं.आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं. लोग गलियों से निकल नहीं पाते, सांड, बेल, बछड़ा मुसीबत बने हुए हैं. एक सप्ताह में दो लोगों की जान चली गई.

सांड सड़कों पर लड़ते रहते हैं.इससे अफरा तफरी की स्थिति बनी रहती है. राहगीर अपने आप को असुरक्षित महसूस करते हैं कई लोग अस्पतालों में अपना इलाज करा रहे हैं उनके हाथ पैर आवारा मवेशी के मारने टूट चुके हैं फैक्चर हो गया है. धार्मिक स्थलों के आसपास भी मवेशी रहते हैं. श्रद्धालु बड़ी मुश्किल से निकाल पाते हैं वार्ड क्रमांक 3 के निवासी संजय पाठक ने बताया कि वह बहुत परेशान है उनके मकान के आगे आवारा मवेशी सांड बैठे रहते हैं इसके चलते वह अपने घर से नहीं निकल पाते पूरा परिवार भयभीत रहता है उनका कहना है हम नगर पालिका अधिकारी कर्मचारियों को लिखित में भी दे चुके हैं अगर कोई बड़ी घटना घटित होती है तो इसके लिए नगर पालिका परिषद जिम्मेदार होगी पूरे नगर में जहां देखो वहां यही स्थिति दिखाई देती है.



## रिजल्ट घोषित करने की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज 19 अगस्त, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा मंगलवार को स्थानीय लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में बीएससी बॉटनी अंतिम वर्ष परीक्षा परिणाम तत्काल रूप से घोषित करने की मांग को लेकर प्रदर्शन करते हुए बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के कुलपति के नाम महाविद्यालय के प्राचार्य को एक ज्ञापन सौपा गया.**

इस मौके पर उन्होंने कहा कि बरकतउल्ला विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित बीएससी बॉटनी अंतिम वर्ष की परीक्षा आयोजित की गई थी. जिसका परीक्षा परिणाम विगत माह की 11 जुलाई 2025 को घोषित किया गया. जिसमें कई छात्रों का परीक्षा ङ्क॥ विद हेल्ड के रूप में घोषित किया गया था. उक्त प्रकरण में यह जानकारी सामने आ रही है कि परीक्षा केन्द्र क्रं. 126 शास. लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय सिरोंज के छात्रों की उत्तरपुस्तिका का बंडल कहीं खो गया हैं. जिसके कारण कई छात्रों का परीक्षा परिणाम ना आने के कारण भविष्य अंधकारमय हो गया है. उन्होंने इस प्रकरण का तत्काल प्रभाव से निराकरण करने तथा दो कार्य दिवसों में परीक्षा परिणाम घोषित करने की मांग की. जिससे छात्रों को अपनी अन्यत्र शिक्षा में प्रवेश प्रक्रिया में समस्या का सामना ना करना पड़े. साथ ही समस्या का निराकरण न होने पर प्रदर्शन की चेतावनी दी. इस दौरान प्रांत एसएफएस सहसंयोजक एवं विभाग छात्रा प्रमुख वंदना यादव, नगर सहमंत्री आशीष, विवेक, विशाल, विनायक, अंशुल, राज, संजय मालवीय, तान्या चौहान, प्रांशु जैन, रिश्ता, सेजल, पलक एवं अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे.

**एक नजर में**

## रौपा बेलपत्र का पौधा

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा,** प्रकृति से जुड़ाव और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में श्रमदान दल का एक पेड़ एक संकल्प अभियान लगातार समाज को प्रेरणा दे रहा है. इसी कड़ी में दल द्वारा नगर के मुख्य मार्ग बहलोत बायपास रोड जय पैलेस के सामने एक बेलपत्र का पौधा रोपित किया गया.इस पौधे की सुरक्षा और देखरेख की जिम्मेदारी ग्राम बहलोत निवासी मंजू शर्मा एवं उनके परिवारजनों ने सहर्ष स्वीकार की.

## हर घर स्वच्छता से डेंगू पर भी होगा वार

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** फैमिली हेल्थ इंडिया के तत्वावधान में, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. टीकाराम शर्मा के मार्गदर्शन एवं गोदरेज के सहयोग से संचालित एम्बेड परियोजना के अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्र हीरापुरा में पोषण एवं स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में महिलाओं को बताया गया कि भारत के राष्ट्रीय महापर्व स्वतंत्रता दिवस पर चलाए जा रहे हर घर तिरंगादृहर घर स्वच्छता अभियान का एक बड़ा लाभ यह भी है कि घर-घर स्वच्छता से डेंगू और अन्य मच्छर जनित रोगों का खतरा कम होता है. महिलाओं और उपस्थित नागरिकों को समझाया गया कि घर एवं मोहल्ले में पानी जमा न होने दें.आस-पास का वातावरण स्वच्छ रखें.पानी की टंकियों एवं फ्रिज की ट्रे को नियमित साफ करें. सप्ताह में एक बार पानी अवश्य बदलें.बुखार आने पर तुरंत जाँच कराएँ. मलेरिया व डेंगू से बचाव हेतु मच्छरदानी का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें.साथ ही पोस्टर, बैनर, घर-घर भ्रमण एवं सामुदायिक बैठकों के माध्यम से लोगों को डेंगू और मलेरिया के लक्षण, बचाव एवं उपचार के बारे में जागरूक किया गया. डॉ. शर्मा ने बताया कि डेंगू और मलेरिया संक्रामक रोग हैं जो मच्छरों के काटने से फैलते हैं, इसलिए समय रहते सही कदम उठाना और मच्छरों से बचाव करना बेहद जरूरी है.कार्यक्रम में फैमिली हेल्थ इंडिया की टीम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं एएनएम उपस्थित रहीं.

# शहर के विकास पर होगी चर्चा कई मुद्दों पर की जाएगी बात

**नगर पालिका परिषद का साधारण सम्मेलन**



**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा,** नगर पालिका परिषद का साधारण सम्मेलन आज दोपहर 1 बजे नगर पालिका परिषद सभागृह में रखा गया है. जिसमें नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष शशि अनिल यादव की सहमति से आधा दर्जन प्रस्ताव पारित किए जाएंगे. अध्यक्ष की अनुमति से प्रस्तुत विषयों पर विचार एवं निर्णय लिए जाएंगे. नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा लिए गए निर्णय और दी गई स्वीकृति पर पार्षद अपनी सहमति देंगे नगर पालिका परिषद को जो विशेष निधि प्राप्त हुई है उस राशि से पुराने पेंडिंग स्वीकृत निर्माण कार्य न करते हुए अध्यक्ष द्वारा लिए गए निर्णय के आधार पर निर्माण कार्य कराए जाएंगे जो दरें स्वीकृत की गई है उन दरों पर पार्षद अपनी मोहर लगाएंगे ऑनलाइन जारी नवीन कार्यों पर विचार होगा परिषद में जो प्रस्ताव पारित नहीं होंगे उन प्रस्तावों को प्रेसिडेंट इन काउंसलिंग की बैठक आयोजित कर प्रस्ताव पारित किए जाएंगे, कचरा निष्पादन घर-घर कचरा से कचरा उठाने वाली एजेंसी की समीक्षा की जाएगी और निजी एजेंसी को ठेका दिया जाए या नहीं इस पर भी विचार होगा. इसके साथ कचरा वसूली की दरों में संशोधन पर भी विचार विमर्श होगा. नवीन बस स्टैंड का नाम महाराणा प्रताप बस स्टैंड नामांकरण पर भी निर्णय लिया जाएगा. लंबे समय के बाद नगर पालिका परिषद का साधारण सम्मेलन रखा जा रहा है, नगर पालिका परिषद के 3 वर्ष भी हो चुके हैं इस कार्यकाल में किन वार्डों में कितने निर्माण कार्य हुए इस मुद्दे पर भी चर्चा होगी. पिछली नगर पालिका परिषद की बैठक में विधायक हरि सिंह रघुवंशी द्वारा पार्षदों को आश्वासन दिया गया था की मार्च 2025 के पश्चात नगर के सभी 24 वार्डों में विधायक निधि से निर्माण कार्य हेतु राशि दी जाएगी क्या यह राशि नगर पालिका परिषद को प्राप्त हो चुकी है इस पर भी चर्चा होगी ताकि वार्डों में निर्माण कार्य हो सके गरीब पिछड़ी बस्तियों के लिए भी राशि आती है अगर नहीं आई तो क्या कारण रहे इस पर भी चर्चा होगी और भी अनेक मुद्दे हैं इन मुद्दों पर भी चर्चा होगी.

## जयकुमार ने जीता गोल्ड मेडल



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** सेंटमैरी हाई सेकेंडरी स्कूल के जयकुमार सेन जो क्लास 7 के विद्यार्थी हैं.उन्होंने ताइक्कांडो सीबीएसई क्लस्टर में जो अहमदाबाद गुजरात में पिनेकल स्कूल में आयोजित हुई थी में गोल्ड मेडल प्राप्त किया है.जय कुमार की सफलता पर संस्था संचालक फादर सीजों ने होसला अफजाई की और उनके इस कार्य को सराहनीय कार्य बताया प्रिंसिपल सिस्टर थेरेसा, वाइस प्रिंसिपल अनिल बीएस ने बधाई दी तथा जयकुमार के उज्जवल भविष्य की कामना की.

## सेन्ट्रल एकेडमी स्कूल के छात्र अमन का नीट में फेशर चयन



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** सेन्ट्रल एकेडमी हा.से. स्कूल के छात्र अमन जाटव ने प्रथम प्रयास में ही नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है. अमन ने कक्षा 12वीं में 87.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे तथा नीट परीक्षा में 1,75,763 ऑल इंडिया रैंक हासिल कर नंदकुमार चौहान शासकीय मेडिकल कॉलेज, खंडवा में प्रवेश पाया है. अमन ग्राम मियाखेड़ी के निवासी हैं.वे आर्मी में सेवारत नवल सिंह जाटव एवं हेमलता जाटव के पुत्र हैं.अमन की इस उपलब्धि पर गांव के लोगों, मित्रों और सामाजिक रिश्तेदारों में हर्ष की लहर है.सभी ने अमन को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा सेन्ट्रल एकेडमी स्कूल प्रबंधन का आभार व्यक्त किया.अमन ने अपनी सफलता का श्रेय टारगेट एकेडमी के संचालक डॉ. प्रेमशंकर शर्मा सेन्ट्रल एकेडमी स्कूल की संचालिका डॉ. अर्चना शर्मा तथा अपने माता-पिता के मार्गदर्शन और सहयोग को दिया है.

# कान्हा के विविध रूपों में सजे नौनिहाल कान्हा के बधाई गीतों से गूंजा परिसर

**सैण्ट एस.आर.एस. स्कूल में सजा कान्हा का दरबार**



**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा,स्थानीय सैण्ट एस.आर.एस. पब्लिक हायर सैकेण्डरी स्कूल में सोमवार को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर कान्हा का दरबार सजाया गया. कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा पांच तक के नौनिहाल बाल स्वरूप कन्हैया के विविध रूपों में शोभायमान हुए.छोटे-छोटे बच्चों ने कान्हा के संवादों से माहौल को कृष्णमय बना दिया.**

इस अवसर पर मुख्य अतिथि इसरो वैज्ञानिक धर्वेन्द्र यादव ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि आज के युग में लोग भारतीय संस्कृति से कम जुड़ पा रहे हैं, क्योंकि अधिकांश शिक्षण संस्थानों ने भारतीय संस्कृति के स्थान पर पाश्चात्य दर्शन की ओर देखना शुरु कर दिया है.सैण्ट एस.आर.एस. स्कूल द्वारा गायत्री परिवार के संस्थापक पंडित राम शर्मा आचार्य के आदर्शों को समाज में स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है.इस अवसर पर संस्था के डायरेक्टर केएस. यादव, मैनेजिंग डायरेक्टर सुधा यादव, काउंसर संघमित्रा यादव, प्राचार्य उमेश चंद्र यादव, कोर्डिनेटर प्रियंका अग्रवाल,उप प्राचार्य श्रीमती रजनी गुप्ता, प्रायमरी प्रभारी सुमन श्रीवास्तव, प्रीति माथुर सहित अन्य शिक्षकों ने विचार रखे.

## मैराथन का आयोजन 24 को

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** नशा मुक्त भारत अभियान की पांचवी वर्षगांठ के अवसर पर प्रदेश में 31 अगस्त 2025 तक नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाने हेतु निर्देश प्राप्त हुए हैं.जिला स्तरीय नशामुक्त समिति की बैठक में लिए निर्णय अनुसार रविवार 24 अगस्त 2025 की समय प्रात: 06 बजे से आरटीओ ऑफिस विदिशा से उदयगिरी व वापसी आरटीओ ऑफिस विदिशा तक मैराथन का आयोजन नशामुक्त जागरुकता अभियान के लिये किया जा रहा है. कार्यक्रम के लिये मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत विदिशा एवं अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत विदिशा सहायक नोडल अधिकारी रहेंगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु पृथक-पृथक विभागों के अधिकारियो को भी दायित्व सौंपें गए हैं.

## सेंटमेरी में जन जागरुकता पर हुई संगोष्ठी



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा, सेंट मैरी पीजी कॉलेज में एन एस एस रेड रिबन क्लब एवं जिला चिकित्सालय के संयुक्त तत्वाधान में एचआईवी एड्स, तपेदिक,स्किल्ड सेल एनीमिया जन जागरूकता कार्यक्रम पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया. जिसमें मुख्य वक्ता डॉ समीर किरार जिला एड्स नोडल अधिकारी , अध्यक्षता संस्था संचालक फादर सिन्टो द्वारा की गयी.**

इस अवसर पर डॉ राजेंद्र कुशवाहा( ब्लड बैंक अधिकारी एवं जिला प्रोग्राम मैनेजर ),श्रीमती ज्योति दुबे एड्स एवं आईसीटीसी परामर्शदाता, श्रीमती आरती साहू डीआई सी काउंसलर , सिस्टर प्रभावती कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर अरविंद द्विवेदी उपस्थित रहे.डॉ समीर ने छात्रों को एड्स कैसे फैलता है और इसके बचाव की जानकारी दी.फादर सिंटो ने कहानी के माध्यम से परिवर्तित नाम द्वारा एचआईवी से ग्रसित व्यक्ति का वाकया सुनाते हुए कहा कि यह कैसे फैलता है और कहां टेस्टिंग करानी चाहिए, किस तरह से बचाव करना चाहिए आदि विस्तृत जानकारी दीं.डॉ राजेंद्र कुशवाहा सिकल सेल एनीमिया, ब्लड टेस्टिंग आदि के विस्तृत जानकारी दी.एड्स काउंसलर श्रीमती ज्योति ने आईसीटीसी सेंटर के विस्तृत जानकारी द्वारा एड्स टेस्टिंग के बारे में बताया.प्रोफेसर अरविंद द्विवेदी ने पीयर एजुकेशन की जानकारी देते हुए हम उम्र के साथियों को जागरूक करने की बात कही. एड्स जनजागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों द्वारा मानव श्रृंखला के माध्यम से एड्स रिबन प्रतिक चिन्ह बनाया गया. इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं प्राध्यापक उपस्थित रहे.

# नगर के वार्ड 1 के श्मशान को हराभरा करने का जिम्मा संभाला वन विभाग ने



**नवभारत न्यूज**

**सांची,** नगर के वार्ड नं एक मे स्थित सबसे पुराना शमशान के कायाकल्प करने का जिम्मा अब वनविभाग ने सम्हाला है इस शमशान का कायाकल्प पलटने एवं सौंदर्यीकरण करने का जिम्मा सम्हालते हुए वनविभाग जुट गया है इस शमशान की तार जाली से चारों ओर से फेंग्सिग की जा चुकी हैं तथा साफ सफाई कर दी गई है एवं इस शमशान घाट को हराभरा करने की कवायद शुरू की जा चुकी हैं एवं बडी संख्या में पौधरोपण किया जा रहा है.पौधारोपण करने नगर के समाज सेवी जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिक सहित प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे .बताया जाता हैं कि वनविभाग इस शमशान घाट पर लगभग साडे तीन लाख रुपये खर्च कर सुंदरता प्रदान करने की कवायद में जुट गया है.इस शमशान घाट पर पौधरोपण करनेवाले प्रमुख लोगों मे नगर परिषद अध्यक्ष पप्पू रेवाराम उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपूत हिंदू उत्सव समीति अध्यक्ष विक्रम प्रताप सिंह ,शनि पटेल. प्रमुख समाज सेवी कमलकिशोर पटेल ब्रजकिशोर पटेल, वार्ड पार्षद बलराम मालवीय, अजय वर्मा ,नायब तहसीलदार , पार्षद विवेक तिवारी सहित अनेक जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिक सहित वनविभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे.

## 29 अगस्त को होगा प्रतिभा सम्मान समारोह

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा, 29 अगस्त 2025 को विदिशा में विमुक्त घुमंतु अर्ध घुमंतु समाज विकास समिति के तत्वावधान में 'प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन होने जा रहा है. यह समारोह मध्यप्रदेश शासन द्वारा चिन्हित 51 विमुक्त, घुमंतु एवं अर्धघुमंतु समुदायों की प्रतिभाओं को मुख्यधारा से जोड़ने और उनकी कला, संस्कृति, शिक्षा एवं सामाजिक योगदान को सम्मानित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है.**

इस संबंध में मंगलवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई. मध्य भारत घुमंतु कार्य प्रमुख लखन विश्वकर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन मध्य विमुक्त, घुमंतु एवं अर्धघुमंतु समुदायों की प्रतिभाओं को सम्मानित करने और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से किया जा रहा है. उन्होंने बताया कि राज्य में चिन्हित 51 समुदायों में से विदिशा जिले के प्रतिभाशाली बच्चों, कलाकारों, खिलाड़ियों और अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले युवाओं का सम्मान इस समारोह में किया जाएगा. यह केवल सम्मान का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि इन समुदायों को समाज की मुख्यधारा में जोड़ने की एक महत्वपूर्ण पहल है. विपरीत परिस्थितियों और अभावों के बावजूद इन प्रतिभाओं ने जो उपलब्धियां हासिल की हैं, वह प्रशंसनीय है. इस आयोजन के माध्यम से हम यह संदेश देना चाहते हैं कि हर समाज में प्रतिभा छिपी होती है, जरूरत है तो उन्हें पहचानने और आगे बढ़ाने की. इस प्रेस कांफ्रेंस में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला सहसंघचालक रामकिशोर अग्रवाल, घुमंतु प्रांत कार्य कार्यकारिणी सदस्य,रोजगार आयाम प्रमुख संदीप जी उदयवाल, घुमंतु कार्य जिला संयोजक सुरेंद्र कुशवाह उपस्थित थे.

**आयोजन** | **एसएटीआई में पांच दिवसीय ओरियंटेशन प्रोग्राम का दूसरा दिन**

# एएसपी प्रशांत चौबे ने दिए जीवन प्रबंधन के ग्यारह सूत्र



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** एसएटीआई में आयोजित पांच दिवसीय ओरियंटेशन प्रोग्राम के दूसरे दिन नवांगतुक विद्यार्थियों को संबोधित करने एवं उनका मनोबल बढ़ाने पहुंचे विदिशा शहर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, प्रशांत चौबे जीवन प्रबंधन पर चर्चा करते हुए प्रशांत चौबे ने छात्रों को ग्यारह सूत्रीय बिंदुओं के माध्यम से प्रबंधन के गुर सिखाए.आम जीवन से कई प्रकार के उदाहरणों के माध्यम से उन्होंने छात्रों को स्किल मैनेजमेंट, परसेप्शन मैनेजमेंट, स्ट्रेस मैनेजमेंट, टाइम मैनेजमेंट, ईगो मैनेजमेंट, कॉन्फ्लिक्ट मैनेजमेंट, स्ट्रेंथ मैनेजमेंट, इमोशनल मैनेजमेंट, एवं ट्रैक मैनेजमेंट जैसे सूत्र दिए. स्किल मैनेजमेंट पर चर्चा करते हुए उन्होंने नेचुरल आइस क्रीम का उदाहरण दिया और बताया कि कैसे अच्छे फलों की समझ ने एक मेहनती व्यक्ति के एक छोटे से पाओ भाजी के स्टाल को जहां आइस क्रीम फ्री मिलती थी, उसे नेचुरल आइस क्रीम ब्रांड में परिवर्तित कर दिया.आगे बात करते हुए श्री चौबे ने छात्रों को समझाया कि वे अपने विवेक और अच्छे अनुभवों से एक अच्छे परसेप्शन यानी पूर्वाग्रह का निर्माण कर सकते है क्योंकि एक अच्छा परसेंशन ही व्यक्ति को जीवन में सफल बनाता है. गुरुनानक देव के जीवन से एक छोटा सा किस्सा सुनकर उन्होंने अच्छे मन से किए गए कार्यों के अच्छे परिणाम पर चर्चा की.वर्तमान समय में छात्र बहुत ही स्ट्रेस में रहते है इसलिए अपनी रुचि के अनुसार कार्य कर उन्हें स्ट्रेस मैनेजमेंट से निजात पाने के भी गुर सिखाए. श्री चौबे ने छात्रों को समझाया कि ईगो को कम करने के लिए पहले स्वयं अपना मूल्यांकन करें और समझे कि जितना हम अपेक्षा करते है, उसके हम लायक है भी या नहीं। अंत में श्री चौबे ने सभी को युवाओं के प्रति होने वाले अपराध एवं युवाओं द्वारा जाने अनजाने में होने वाले अपराधों से भी अवगत कराया। छात्रों को श्री चौबे ने सलाह दी कि वे ट्रैक मैनेजमेंट पर ध्यान दें एवं अपना चरित्र निर्माण करें.किसी भी ऐसी गतिविधि में न लिप्त हो जिससे उसके चरित्र और व्यक्तिव पर सवाल उठे. प्रशांत चौबे के उद्बोधन को आठ सौ से अधिक नवागंतुक छात्रों ने बहुत ही सराहा एवं उनसे प्रेरणा लेकर जीवन प्रबंधन के माध्यम से सफल होने का निश्चय किया. इस अवसर पर एसएटीआई के निदेशक डॉ. वाय. के. जैन, एडमिशन कमेटी के चेयरमैन डॉ. राजेंद्र दुबे, ओरियंटेशन प्रोग्राम के चेयरमैन और आइक्यूएसी कॉर्डिनेटर डॉ. आशीष मनोरिया, एवं डॉ. मनोज दातार मुख्य रूप से उपस्थित रहे.

शव वाहन / फ्रीज़र
ब्लड ग्रुप लिस्ट
मरीज इलाज उपकरण
पुराने लेकिन पहनने योग्य वस्त्र
देहदान नेत्रदान संकल्प के लिए
नि:शुल्क सेवा
शेरपुरा विदिशा में विकास पचौरी फोटो स्टूडियो के बगल में स्थित सुनो रेडियो स्टेशन पर संपर्क करें
बजने लगा है
विकास पचौरी फाउण्डेशन द्वारा प्रसारित
सुनो RADIO
प्ले स्टोर से डाउनलोड करके जुड़िये सुनो RADIO से